दिनांकः 11.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में तेज़ गर्मी को देखते हुए पेयजल आपूर्ति मजबूत करने के सभी कार्य 15 मई से पहले करने के निर्देश दिये।
- जयपुर के रामगढ़ बांध की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम आज से शुरु होगा–जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत शिलान्यास करेंगे।
- महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम।
- राज्य के कई हिस्सों में नए पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से अगले 2–3 दिन आंधी चलने और बारिश होने की संभावना।

प्रदेश में गर्मी के बढ़ते तेवर को देखते हुए आमजन की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेयजल आपूर्ति मजबूत करने के सभी कार्य 15 मई से पहले करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जनता को यदि पानी के लिए परेशानी हुई तो जिम्मेदारी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कल पेयजल की मांग और उपलब्धता पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने नए हैण्डपम्प और नलकूप लगाने, पुराने हैण्डपम्प तथा नलकूपों की मरम्मत करने, और पाइपलाइनों को दुरस्त करने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए जिला कलेक्टरों को एक–एक करोड़ रुपये का अनटाइड फंड उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलजीवन मिशन के लिए इस महीने में पांच हजार करोड रुपये के कार्य आदेश जारी कर कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलेक्टर्स कंटीन्जेंसी प्लान के अनुसार पेयजल प्रबंधन स्वयं की देखरेख में सुनिश्चित करें। श्री शर्मा ने गर्मी के मौसम में पीएचईडी के फील्ड अधिकारियों और कर्मचारियों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिये।

जयपुर के रामगढ़ बांध की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम आज से शुरु हो रहा है। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत इसका शिलान्यास करेंगे। लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से बांध की पाल पर बनी दो किलोमीटर लंबी क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के साथ अन्य काम करवाए जाएंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

जैसलमेर में पोकरण से रामदेवरा के बीच नई रेल लाइन बनायी जाएगी। रेल मंत्रालय ने लगभग 14 किलोमीटर लम्बे इस ट्रैक के लिए 200 करोड रुपये की मंजूरी दी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये लूप ट्रैक होगा। इसके बनने के बाद पोकरण में ज्यादा ट्रेनों को ठहराव होगा।

...............

इसके साथ ही केन्द्र सरकार ने प्रदेश में 394 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग–458 के रायपुर–जस्सा खेड़ा खंड पर 2–लेन सडक निर्माण की स्वीकृति भी दी है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग 58 के जंक्शन से लाडनू में शुरू होकर जस्सा खेड़ा तक जाता है। इस खंड के विकास से भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की यात्रा 38 किलोमीटर कम हो जाएगी तथा इससे बर और पिपलिया कलां औद्योगिक पार्क से कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को दी गई इन सौगातों के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया

है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में रेल और सड़क तंत्र मजबूत होगा तथा विकास को गति मिलेगी

भारतीय जनता पार्टी देशभर में 20 अप्रैल से 'वक्फ सुधार जन जागरण अभियान' चलाएगी। 5 मई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ता इस कानून के बारे में लोगों को तथ्यात्मक जानकारी देंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली में 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' की कार्यशाला को संबोधित किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने वक्फ संशोधन विधेयक–2025 के माध्यम से वक्फ की ज़मीनों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता और सदुपयोग सुनिश्चित करने का कदम उठाया है।

महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की आज जयन्ती है। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में महात्मा फुले के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए मानव कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इस अवसर पर अपने बधाई संदेश में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने गरीब, पिछड़े, दलित और शोषित वर्ग के उत्थान का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा फुले के आदर्शों को प्रेरणा मानकर राज्य सरकार गरीबों तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर ज्योतिबा फुले को याद किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा के उम्मेद सिंह स्टेडियम में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वे सुल्तानपुर में भी एक समारोह में शिरकत करेंगे। भीलवाडा और भरतपुर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। अजमेर में वाहन रैली निकाली जाएगी। इसमें कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत हिस्सा लेंगे।

..............

सवाईमाधोपुर में बाघों के संरक्षण के लिए रॉयल रणथम्भौर इंटरनेशनल टाइगर वीक आज से शुरू हो रहा है। कार्यक्रम में देशभर से आए वन्यजीव विशेषज्ञ भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान 13 अप्रेल तक बाघों को संरक्षित करने पर विचार विमर्श किया जाएगा।

..............

प्रदेश के कई हिस्सों में नए पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से अगले 2–3 दिन आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार आज टोंक, सवाईमाधोपुर, बूंदी और आस–पास के इलाकों में हल्की बारिश के आसर हैं। राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। इस बीच, 10 शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया। कल 43 दशमलव 1 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर में सबसे गर्म दिन रहा। वहीं 12 शहरों में रात का पारा 25 डिग्री के पार दर्ज किया गया। भरतपुर में कल अंधड़ चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ।

..............

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ये मैच शाम साढे सात बजे से शुरू होगा।